कई रियल एस्टेट विशेषज्ञों का मानना है कि नए मास्टर प्लान के स्वीकृत होने से टीओडी नीति को विस्तार देते हुए इस पर अब तेजी से काम शुरू होगा। टीओडी नीति के तहत, दिल्ली में मेट्रो और आरआरटीएस स्टेशनों के 500 मीटर के दायरे में मिक्स्ड यूज (आवासीय, व्यावसायिक और कार्यालय) वाले सेंटर विकसित करना है। इससे लोगों को घर और काम के लिए एक ही जगह बेहतर सुविधा मिलेगी। इसके लिए कड़कड़डूमा, पीरागढ़ी, द्वारका और रोहिणी सहित दिल्ली के प्रमुख मेट्रो कॉरिडोर के पास 14 लैंड पार्सल की पहचान की गई है।

योजना : नरेला सब सिटी में मेट्रो डिपो बनेगा

नरेला और आसपास के इलाकों में मेट्रो कॉरिडोर का विस्तार होगा। इसके लिए डीडीए ने नरेला सब-सिटी (जोन पी-1) में रिठाला-कुंडली कॉरिडोर के मेट्रो डिपो के विकास के लिए 19.63 हेक्टेयर (48.5 एकड़) जमीन के इस्तेमाल कोमनोरंजन और सार्वजनिक एवं अर्ध-सार्वजनिक से बदलकर ट्रांसपोर्टेशन करने की मंजूरी दे दी है। रिठाला से कुंडली तक दिल्ली मेट्रो रेड लाइन का विस्तार शहरी आवाजाही और क्षेत्रीय जुड़ाव को मजबूत करने वाला एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। इसमें मंजूरी प्राप्त मेट्रो डिपो मुख्य केंद्र (एपिसेंटर) के तौर पर काम करेगा।

फायदा-1 : हरियाणा से बेहतर कनेक्टिविटी होगी

रिठाला-कुंडली के बीच मेट्रो लाइन के विस्तार से उत्तर-पश्चिम दिल्ली, रोहिणी और नरेला सब सिटी को सीधे हरियाणा से जोड़ने में मदद मिलेगी। इससे हजारों यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। सड़कों पर भीड़ कम होगी। साथ ही, वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने में भी मदद मिलेगी। नरेला में बेहतर मेट्रो कनेक्टिविटी से नए कारोबार, आवास और निवेश को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

फायदा-2 : आवासीय प्रोजेक्ट शुरू हो सकेंगे

बेहतर कनेक्टिविटी से सब-सिटीज में विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इससे डीडीए के नए आवासीय प्रोजेक्ट और नरेला सब-सिटी में प्रस्तावित यूनिवर्सिटी हब (जो इस रूट पर ही है) को फायदा होगा। साथ ही, इससे रेजिडेंशियल, हॉस्पिटैलिटी, रिटेल और सर्विस सेक्टर में निवेश भी आकर्षित होगा। इसके अलावा, रोजगार के अवसर पैदा करके मेट्रो का विस्तार क्षेत्रीय आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देगा।

योजना : गाजीपुर में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट बनेगा

दिल्ली को साफ और हरा भरा बनाने की दिशा में भी डीडीए ने बड़ा फैसला लिया है। गाजीपुर के आईएफसी पॉकेट सी में प्रस्तावित वेस्ट टू एनर्जी प्लांट के लिए जमीन का भू उपयोग बदलने को मंजूरी दी गई है। इस तरह के प्लांट में कचरे का इस्तेमाल बिजली बनाने के लिए किया जाता है।

फायदा : इससे कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने के साथ हवा, पानी और पर्यावरण की स्थिति सुधारने में मदद मिल सकती है।

ओ-जोन दो हिस्सों में बंटेगा, पक्के निर्माण पर रोक रहेगी

नई दिल्ली, प्र.सं। मास्टर प्लान-2047 में यमुना के ओ-जोन को दो हिस्सों में बांटने का प्रावधान किया गया है। इसके तहत फ्लडप्लेन के कोर एरिया में किसी भी तरह के पक्के निर्माण की अनुमति नहीं होगी, जबकि दूसरे हिस्से में पार्क जैसी कुछ मनोरंजक गतिविधियों से जुड़े निर्माण की अनुमति दी जा सकेगी।

हालांकि, इनको निर्धारित नियमों और पर्यावरणीय शर्तों के तहत ही अनुमति मिलने की बात सामने आई है। डीडीए के अधिकारी ने बताया कि कोर एरिया को अधिक संवेदनशील मानते हुए वहां कंक्रीट आधारित संरचनाओं पर रोक रहेगी। इसका उद्देश्य यमुना के बाढ़ क्षेत्र की प्राकृतिक स्थिति और पर्यावरणीय संवेदनशीलता को बनाए रखना है। वहीं, दूसरे हिस्से में सीमित मनोरंजक गतिविधियों की अनुमति दी जाएगी। इसमें पार्क जैसी सुविधाओं के लिए जरूरी निर्माण शामिल हो सकते हैं। ओ-जोन के विभाजन का उद्देश्य यमुना के संवेदनशील बाढ़ क्षेत्र को संरक्षित रखने के साथ-साथ ऐसे क्षेत्रों में नियंत्रित सार्वजनिक और मनोरंजक सुविधाओं के विकास का रास्ता तैयार करना है।

हाईराइज इमारतों से बदलेगा शहर का स्वरूप

नई दिल्ली, व.सं। नए मास्टर प्लान-2047 में यूईआर-2 के पास 250 मीटर के क्षेत्र में हाईराइज इमारतों को तैयार करने की योजना बनाई जाएगी। दिल्ली में अब तक कनॉट प्लेस में ही हाईराइज इमारतों का निर्माण हुआ है।

डीडीए की ओर से भी कड़कड़डूमा टावरिंग हाइट्स आवास योजना के तहत ऊंची इमारतों का निर्माण किया गया है। कुछ स्थानों पर भी निजी बिल्डरों ने बड़ी टाउनशिप खड़ी की हैं। मास्टर प्लान के तहत दिल्ली के 174 गांवों के विकास कार्यों में तेजी आएगी। साथ ही, रिहायशी आवास योजना और व्यासायिक हब बनाने में सहयोग मिलेगा। सबसे ज्यादा फायदा बाहरी दिल्ली के सिंधु बॉर्डर के आसपास के गांव से लेकर नजफगढ़ के पास ढांचा बॉर्डर तक के कई गांवों को मिलेगा। इसके अलावा कई दक्षिणी दिल्ली के हरियाणा और यूपी के बॉर्डर से सटे गांवों में भी विकास कार्यों में तेजी आएगी।

174 गांवों में रिहायशी और व्यावसायिक हब बन सकेंगे

46 गांव हरित क्षेत्र में और 23 गांव कम आबादी वाले क्षेत्र में शामिल किए गए

टाउन प्लानिंग में परिवर्तित होगी लैंड पूलिंग नीति : सूत्रों के अनुसार, लैंड पूलिंग नीति के तहत दिल्ली के 105 गांवों को विकसित किया जा रहा है। अब इस नीति को टाउन प्लानिंग में परिवर्तित किया जाएगा। इस परियोजना में छह जोन बनाए गए हैं। इन सभी जोन में विभिन्न सेक्टर हैं। इस नीति में अब तक डीडीए की निगरानी में एक कंसोर्टियम (संघ) का गठन किया जाना अनिवार्य था। इसके तहत जमीन मालिक कई लोगों के साथ मिलकर निर्धारित क्षेत्र की भूमि पर फ्लैटों के निर्माण को लेकर कंसोर्टियम बनाता था, जिसमें डीडीए की 40 फीसदी और जमीन मालिक की 60 फीसदी हिस्सेदारी तय थी। अब इस अनिवार्यता को खत्म किया जाएगा।

लैंड पूलिंग नीति में 105 गांव शामिल हैं। वहीं, ग्रीन डेवलपमेंट एरिया (जीडीए) नीति के तहत कुल 69 गांवों का विकास होगा। इसमें 46 गांव ग्रीन बेल्ट (हरित क्षेत्र में) और 23 गांव लो डेंसिटी एरिया (कम आबादी वाले क्षेत्र) में शामिल किए गए हैं। इन 69 गांवों में 12 मीटर पर आवासीय क्षेत्र के तौर पर विकसित किया जाएगा, जबकि 18 मीटर तक के क्षेत्र में आवासीय के साथ कुछ व्यावसायिक गतिविधियों का भी संचालन होगा। इसके अलावा 30 मीटर तक कमर्शियल यूनिट और गतिविधियों का संचालन होगा। इसमें स्कूल, कॉलेज, शॉपिंग सेंटर, स्टोर आदि विकसित किए जा सकेंगे।

30 लाख करोड़ रुपये का निवेश आएगा

दिल्ली देहात विकास मंच (डीडीवीएम) के दिल्ली मास्टर प्लान समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र बजाड ने बताया कि मास्टर प्लान-2047 के स्वीकृत होने से डीडीए की लैंड पूलिंग नीति और जीडीए नीति के क्रियान्वयन में तेजी आएगी। इससे दिल्ली में 30 लाख करोड़ रुपये के निवेश आने की संभावना है। इसमें 20 लाख नए रोजगार और व्यापार उत्पन्न होंगे। इससे कई ग्रामीण क्षेत्रों में नियमों के तहत शॉपिंग सेंटर, कमर्शियल गतिविधियों का संचालन होगा। कई लोगों को विभिन्न रोजगार मिलेंगे।

रोजगार पर निर्भर करेगा नोएडा रियल एस्टेट बाजार

एनसीआर पर असर

नोएडा, प्र.सं। दिल्ली मास्टर प्लान मंजूर होने का असर आने वाले वर्षों में नोएडा, ग्रेनो और यमुना क्षेत्र के रियल एस्टेट बाजार पर भी पड़ सकता है।

विशेषज्ञों का कहना है कि करीब 20 लाख फ्लैट बनने से जिले के रियल एस्टेट क्षेत्र में स्थिरता आ सकती है हालांकि, यह सब नोएडा-दिल्ली के बीच कनेक्टिविटी, रोजगार व फ्लैट की कीमतों की आम लोगों तक पहुंच पर काफी हद तक निर्भर करेगा। क्रेडाई पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता का कहना है कि अभी काम शुरू होने पर 10-15 साल तक लग जाएंगे। दिल्ली का जो विस्तार होगा, वह नोएडा से काफी दूर है। इसके अलावा जो नोएडा-ग्रेटर नोएडा में फ्लैट खरीदार हैं उनका सेगमेंट अलग है। इसके अलावा जो डीडीए फ्लैट बनाएगा वह नोएडा के लगभग बराबर ही होगा। पिछले समय में जो डीडीए ने फ्लैट बनाए हैं, वह सस्ते नहीं हैं। ऐसे में यहां के रियल एस्टेट पर ज्यादा फर्क नहीं पडेगा।

पर्यावरणीय क्षमता के बीच संतुलन बनाना भी जरूरी

नई दिल्ली, प्र.सं। पर्यावरणीय दृष्टिकोण से देखें तो नए प्लान में सतत शहरी परिवहन, भूमि के बेहतर उपयोग और संसाधन दक्षता की दिशा में कई सकारात्मक संभावनाएं दिखाई देती हैं।

आईपीयू के पर्यावरण प्रबंधन विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुमित डूकिया ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण सकारात्मक पहलू रिठाला-कुंडली मेट्रो कॉरिडोर का विस्तार है। सार्वजनिक परिवहन की क्षमता बढ़ने से निजी वाहनों पर निर्भरता, यातायात जाम, ईंधन खपत और परिवहन-जनित वायु प्रदूषण को कम करने में मदद मिल सकती है। वहीं, गाजीपुर में वेस्ट-टू-एनर्जी संयंत्र के लिए भूमि उपयोग परिवर्तन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार की दिशा में उपयोगी हो सकता है। हालांकि, मेट्रो और अन्य अवसंरचना परियोजनाओं में निर्माण के दौरान पेड़ों की कटाई, मिट्टी का क्षरण, धूल, शोर तथा स्थानीय जल निकासी पर प्रभाव का स्वतंत्र आकलन आवश्यक होगा।

विशेषज्ञ की राय | रिहायशी क्षेत्रों को विकसित करने से जल निकासी व्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम किया जाए

हर पहलू को ध्यान में रखकर योजना बने

नई दिल्ली, व.सं। मास्टर प्लान-2047 की स्वीकृति एक अच्छा कदम है। इसके जरिए विभिन्न शहरी ढांचे को विकसित करने के लिए मौसम और प्राकृतिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी परियोजनाओं की विस्तृत कार्य योजना (डीपीआर) को तैयार करने की आवश्यकता होगी।

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स के पूर्व निदेशक हितेश वैद्य ने बताया कि इस प्लान को स्वीकृति करने में पांच से छह वर्षों की देरी हुई, लेकिन अब इसे मंजूर कर लिया गया है। हमें वर्ष 2026 की दिल्ली की जनसंख्या के अनुसार आगामी वर्षों में जनसंख्या में बदलाव आने की स्थिति का भी आकलन करना होगा। इससे अगले 20 वर्षों की आवासीय और कमर्शियल बुनियादी ढांचों को विकसित किया जाए। इसमें सबसे अधिक जोर वित्तीय निधि का भी होगा। हमें पर्यावरण, जल निकासी प्रणाली, जलभराव जैसी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मौसम से होने वाली चुनौतियों के इर्द-गिर्द अपनी परियोजनाओं को तैयार करना होगा। सबसे अहम बात ये है कि जब मास्टर प्लान-2047 की संरचना की जा रही थी। तब दिल्ली में पांच नगर निकाय थी। अब दिल्ली में एमसीडी के एकीकृत होने से पूरी दिल्ली के अधिकतम क्षेत्र की जिम्मेदारी उन पर है। ऐसे में मास्टर प्लान-2047 के अनुरूप ही एमसीडी को अपने कार्य को क्रियान्वयन करना होगा। भविष्य के व्यावसायिक हब और रिहायशी क्षेत्रों को विकसित करने से पहले मास्टर प्लान के अनुरूप जल निकासी व्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर पर सबसे अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

कम आय वाले लोगों को भी योजना में शामिल किया जाए

मास्टर प्लान में कम आय वाले लोगों, परिवारों और झुग्गी-बस्ती में रहने वाले नागरिकों के लिए भी अतिरिक्त योजना और व्यवस्था को लागू किया जाए।

खबर कोना

ब्रिटेन : पुरुषों की 800 मीटर दौड़ स्पर्धा के सेमीफाइनल में आयरलैंड के मार्क इंग्लिश शीर्ष पर रहे।

रोनाल्डो और रोड्रिगेज ने 10 साल साथ में रहने के बाद शादी की

लिस्बन, 12 अगस्त (एपी)।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो और जार्जिना रोड्रिगेज अब पति-पत्नी हैं। पुर्तगाल के फुटबाल सितारा का प्रतिनिधित्व करने वाली जनसंपर्क टीम ब्रसविक ग्रुप ने मंगलवार को रोनाल्डो और जार्जिना की शादी की घोषणा करते हुए इसे एक निजी और अंतरंग क्षण बताया। ब्रसविक ग्रुप के अनुसार विवाह समारोह पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन के पास पश्चिमी पुर्तगाल के एक तटीय शहर कैस्केस में आयोजित किया गया था, जिसमें उनके पांच बच्चे शामिल थे। इस जोड़े ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी अंगूठियों की तस्वीर पोस्ट की। रोनाल्डो और जार्जिना की पहली मुलाकात मैड्रिड में हुई थी और वह पिछले 10 साल से साथ में थे। रोनाल्डो 41 साल के हैं और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फुटबाल खिलाड़ियों में शामिल हैं।

नेरोका ने जीत के साथ डूरंड कप अभियान समाप्त किया

इंफल, 12 अगस्त (भाषा)।

नेरोका एफसी ने बुधवार को नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रहे एफसी रेंगदाई को ग्रुप डी मैच में 3-1 से हराकर 135वें डूरंड कप फुटबाल टूर्नामेंट में अपने अभियान का अंत जीत के साथ किया। जोना कामेई ने 19वें मिनट में रेंगदाई को बढ़त दिलाई लेकिन आठ मिनट बाद थौडाम नैनी सिंह के आत्मघाती गोल से नेरोका ने बराबरी कर ली। रेंगदाई को 55वें मिनट में उस समय 10 खिलाड़ियों तक सीमित होना पड़ा जब पी एम राकेवेइचे को लाल कार्ड दिखाया गया। इसके तीन मिनट बाद सोरैशाम सूरजकांता सिंह को दूसरा पीला कार्ड दिखाया गया और उन्हें मैदान से बाहर भेज दिया गया जिससे रेंगदाई के नौ ही खिलाड़ी ही मैदान पर रह गए। नेरोका के चाबुंगबाम लिंकी मैतेई ने 89वें मिनट में इमर्सन मैतेई के क्रास पर हेडर से गोल कर टीम को बढ़त दिला दी।

डिकवेला की श्रीलंका टेस्ट टीम में वापसी, नुवांथा को मिला मौका

गाल, 12 अगस्त (भाषा)।

भारत के खिलाफ शनिवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए श्रीलंका की 16 सदस्यीय टीम में विकेटकीपर-बल्लेबाज निरोशन डिकवेला की तीन साल बाद श्रीलंका की टेस्ट टीम में वापसी हुई है, जबकि आफ स्पिनर केशारा नुवांथा को पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। धनंजय डी सिल्वा टीम की कप्तानी करेंगे जबकि अनुभवी हरफनमौला कामिंदु मेंडिस उपकप्तान की भूमिका निभाएंगे। डिकवेला ने अपना पिछला टेस्ट 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। नियमित विकेटकीपर कुसल मेंडिस के चोटिल होने के कारण अब उनके पास टेस्ट टीम में वापसी का मौका है। नुवांथा के अलावा नए बल्लेबाज पसिंदु सूरियाबंदारा और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका को भी टीम में जगह मिली है।

भारत का दमदार प्रदर्शन जारी, तीन स्वर्ण समेत पांच और पदक जीते

कनागलक्ष्मी ने सीनियर महिला फाइल वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया

नई दिल्ली, 12 अगस्त (भाषा)।

राष्ट्रमंडल तलवारबाजी चैंपियनशिप

कनागलक्ष्मी।

राजेंद्रन शांतिमोल शेरजिन।

भारतीय तलवारबाजी टीम ने नाइजीरिया के लागोस में चल रही राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए सीनियर स्तर की विभिन्न व्यक्तिगत स्पर्धाओं में तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। भारतीय खिलाड़ियों ने सीनियर महिला फाइल, सीनियर पुरुष ईपी और सीनियर पुरुष साबरे स्पर्धाओं में दबदबा बनाए रखा। भारत ने इस तरह से इस प्रतियोगिता में 29 पदक जीत लिए हैं जिसमें आठ स्वर्ण, सात रजत और 14 कांस्य पदक शामिल हैं।

भारत ने सीनियर महिला फाइल वर्ग में स्वर्ण और रजत पदक हासिल किया। कनागलक्ष्मी ने सटीक और नियंत्रित प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनकी टीम की साथी जायस आशिता ने रजत पदक जीतकर पोडियम पर शीर्ष दो स्थान हासिल किए। इंग्लैंड की जार्जिया ग्रीन और एमिली गुडचाइल्ड ने कांस्य पदक जीते। सीनियर पुरुष ईपी स्पर्धा में राजेंद्रन शांतिमोल शेरजिन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए दिन का दूसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। शेरजिन ने दक्षिण अफ्रीका के क्रूगर पीटर को हराया। वेल्स के बर्कहार्ट मार्क और दक्षिण अफ्रीका के लोसेव्स्की सर्गेई ने कांस्य पदक हासिल किए।

सीनियर पुरुष साबरे में करण सिंह ने आस्ट्रेलिया के शिम योंगी को हराकर भारत के लिए दिन का तीसरा स्वर्ण पदक जीता। भारत के ही कुमारसन पद्मा गिशो निधि और नाइजीरिया के अकिंयोसोये ओलुवाफोलायेमी ने कांस्य पदक हासिल किए। इससे पहले प्रतियोगिता के पहले ही दिन भारत ने चार स्वर्ण सहित कुल 17 पदक जीतकर पुरुष और महिला व्यक्तिगत स्पर्धाओं में अपना दबदबा कायम किया था। दूसरे दिन भी शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सात और पदक अपने नाम किए थे।

सोमवार रात को सीनियर महिला एपी स्पर्धा में तनिष्का खत्री ने स्वर्ण पदक जीता था, जबकि उनकी साथी खुशी दाभाड़े ने रजत पदक अपने नाम किया। प्राची लोहान ने आस्ट्रेलिया की हैरिसन एशले के साथ कांस्य पदक साझा किया था। सीनियर महिला सेबर व्यक्तिगत स्पर्धा में भी भारत ने तीन पदक जीते। आखरी में कड़े मुकाबले के बाद रजत हासिल किया।

मंत्रालय ने संचालन मुद्दों को लेकर टीटीएफआइ की मान्यता निलंबित की

जनसत्ता खेल
नई दिल्ली, 12 अगस्त।

कार्रवाई

मंत्रालय ने अपने आदेश में कहा कि इस साल की शुरुआत में जारी कारण बताओ नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं मिलने के बाद समय पर चुनाव नहीं करा पाना टीटीएफआइ की मान्यता निलंबित करने के कारणों में शामिल है।

खेल मंत्रालय ने बुधवार को भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआइ) की मान्यता निलंबित कर दी और भारतीय ओलंपिक संघ (आइओए) से खेल के संचालन के लिए तदर्थ समिति गठित करने को कहा। मंत्रालय ने यह कदम टीटीएफआइ में प्रशासनिक खामियों का हवाला देते हुए उठाया। मंत्रालय ने अपने आदेश में कहा कि इस साल की शुरुआत में जारी कारण बताओ नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं मिलने के बाद समय पर चुनाव नहीं करा पाना टीटीएफआइ की मान्यता निलंबित करने के कारणों में शामिल है।

मंत्रालय के आदेश में कहा गया, 'अंतरराष्ट्रीय संस्था (आइटीटीएफ) के परामर्श से एक आंतरिक नियामक तंत्र बनाने के लिए आइओए उचित कदम उठाएगा जिसमें तदर्थ समिति का गठन भी शामिल है। ऐसा तब तक रहेगा जब तक टीटीएफआइ में विधिवत गठित प्रशासनिक ढांचा बहाल नहीं हो जाता।' टीटीएफआइ की मौजूदा अध्यक्ष मेघना अहलावत हैं। वह महासंघ की पहली महिला अध्यक्ष हैं और हरियाणा के विधायक दुष्यंत चौटाला की पत्नी भी हैं। चौटाला, टीटीएफआइ के पूर्व अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला के बेटे हैं। मेघना ने दिसंबर 2022 में पदभार संभाला था। यह संस्था पिछले कई महीनों से उठापटक से गुजर रही है। उसने जनवरी में वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए अपने महासचिव और पूर्व खिलाड़ी कमलेश मेहता को निलंबित कर दिया था।

मेहता के निलंबन को व्यापक रूप से टीटीएफआइ में अंदरूनी सत्ता संघर्ष से जोड़कर देखा गया था। महासंघ ने इस आरोप से इनकार करते हुए कहा था कि यह फैसला पारदर्शिता, सामूहिक निर्णय लेने और भारतीय टेबल टेनिस के दीर्घकालिक हितों की रक्षा के लिए लिया गया था। कुछ महीने बाद यह संस्था उस समय फिर सुर्खियों में आई जब स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा को पर्याप्त घरेलू मैच नहीं खेलने के कारण एशियाई खेलों की टीम से बाहर कर दिया गया। मनिका ने इस फैसले की आलोचना की और खेल मंत्रालय से हस्तक्षेप की मांग करते हुए आरोप लगाया कि महासंघ द्वारा अपनाई गई चयन प्रक्रिया अस्पष्ट और अनुचित थी। मंत्रालय ने टीटीएफआइ से जुड़ी सभी समस्याओं का संज्ञान लेते हुए उसे कारण बताओ नोटिस जारी किया। मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार जवाब संतोषजनक नहीं था। मंत्रालय ने कहा कि टीटीएफआइ खिलाड़ियों के हितों की रक्षा करने के अपने दायित्व में विफल रहा है।

राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने वाली जूडोका अस्मिता का त्रिपुरा में सम्मान

अगरतला, 12 अगस्त (भाषा)।

समारोह

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद नई दिल्ली लौटने पर अस्मिता ने त्रिपुरा भवन में उनसे मुलाकात की थी और जानना चाहा था कि राज्य उनकी किस तरह मदद कर सकता है।

राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय जूडो खिलाड़ी त्रिपुरा की अस्मिता डे को बुधवार को राज्य सरकार ने भव्य समारोह में सम्मानित किया। अस्मिता को 10 लाख रुपए का चेक भी प्रदान किया गया। उन्होंने हाल में ग्लास्गो में महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग का खिताब जीता था।

मुख्यमंत्री माणिक साहा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जूडो खिलाड़ी को राज्य की राजधानी अगरतला में मकान बनाने के लिए जमीन का एक टुकड़ा भी आवंटित किया गया है। उन्होंने कहा, 'दक्षिण त्रिपुरा के एक गुमनाम गांव से ग्लास्गो में पोडियम तक का उनका सफर समय के खिलाफ दौड़ जैसा था। तमाम मुश्किलों के बावजूद वह अपने लक्ष्य पर डटी रहीं और देश के लिए शानदार सफलता हासिल की।'

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद नई दिल्ली लौटने पर अस्मिता ने त्रिपुरा भवन में उनसे मुलाकात की थी और जानना चाहा था कि राज्य उनकी किस तरह मदद कर सकता है। उन्होंने कहा, 'बैठक के दौरान अस्मिता ने बताया कि वह अगरतला में अपना घर चाहती हैं। मैंने उनकी इच्छा पूरी करने का वादा किया था और आज उन्हें जमीन का एक टुकड़ा आवंटित कर दिया गया है।'

मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्मिता की सफलता राज्य के युवाओं को प्रेरित करेगी और उनसे एशियाई खेलों में पदक के अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'मैं अस्मिता से खासकर खान-पान को लेकर सतर्क रहने का आग्रह करता हूं क्योंकि प्रतिष्ठित एशियाई खेलों में हिस्सा लेने से पहले उन्हें कड़े डोप परीक्षण से गुजरना होगा। हमें विश्वास है कि वह एशियाई खेलों में भी देश के लिए पदक जीतेंगी।' इस समारोह में युवा मामले एवं खेल मंत्री टिंकू राय, अगरतला के महापौर दीपक मजूमदार और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित जिम्नास्ट दीपा करमाकर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

प्रज्ञानानंद ने दूसरे दौर में सिंदारोव को हराया

सेंट लुई, 12 अगस्त (भाषा)।

शतरंज

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने ग्रैंड शतरंज टूर की प्रतियोगिता सिंकफील्ड कप के दूसरे दौर के मैच में जावोखिर सिंदारोव के डिफेंस को ध्वस्त करते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की। दूसरे दौर के सितारा प्रज्ञानानंद रहे जिन्होंने रानी के सामने वाले प्यादे से शुरुआत करके धीरे-धीरे अपनी स्थिति मजबूत की और आखिर में जीत हासिल करने में सफल रहे।

सिंदारोव ने काले मोहरों से खेलते हुए बाजी ड्रा कराने को प्राथमिकता दी लेकिन वह प्रज्ञानानंद की प्रतिबद्धता का अनुमान नहीं लगा पाए। इसका भारतीय खिलाड़ी को फायदा मिला जिन्होंने 95 चाल में जीत हासिल की।

उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी सिंदारोव का इस साल के आखिर में विश्व चैंपियन डी गुकेश के खिलाफ विश्व खिताब के लिए मुकाबला होगा। इस जीत से प्रज्ञानानंद के 1.5 अंक हो गए हैं। उन्होंने पहले दौर की बाजी ड्रा खेली थी। इस बीच पहले दौर में जीत हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी अमेरिका के फैबियानो कारुआना ने नीदरलैंड के अनीश गिरी के खिलाफ ड्रा खेला। दूसरे दौर में प्रज्ञानानंदा सहित चार खिलाड़ियों ने जीत हासिल की।

अल अरबी को 4-1 से हराकर ईस्ट बंगाल ग्रुप चरण में पहुंचा

कोलकाता, 12 अगस्त (भाषा)।

एएफसी चैंपियंस लीग टू

ईस्ट बंगाल ने बुधवार को साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत के अल अरबी एससी को अतिरिक्त समय में 4-1 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग टू के ग्रुप चरण में जगह बना ली। एक समय हार की ओर बढ़ रही मेजबान टीम ने आखिरी क्षणों में शानदार वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम किया। ईस्ट बंगाल नियमित समय में 0-1 से पिछड़ रहा था और मैच में सिर्फ 14 मिनट का खेल बाकी था। ऐसे में जय गुप्ता ने 90वें मिनट में बराबरी का गोल कर टीम की उम्मीदें जगा दीं।

अतिरिक्त समय में ईस्ट बंगाल ने पूरी तरह नियंत्रण हासिल कर लिया। कप्तान मोहम्मद राशिद ने 108वें मिनट में गोल कर मेजबान टीम को 2-1 की बढ़त दिलाई। इसके बाद स्थानापन्न खिलाड़ी डेविड लालहलांसांगा ने 117वें मिनट में तीसरा गोल दागकर टीम की जीत लगभग सुनिश्चित कर दी। अतिरिक्त समय के इंजरी टाइम के पहले मिनट में रोहित दानू ने चौथा गोल कर ईस्ट बंगाल की यादगार वापसी पर मुहर लगा दी।

अफगानिस्तान के खिलाफ सितंबर में टी20 शृंखला खेलेगा भारत

नई दिल्ली, 12 अगस्त (भाषा)।

क्रिकेट

बांग्लादेश की सितंबर में सीमित ओवरों की शृंखला के लिए भारत की मेजबानी करने की उम्मीदें लगभग खत्म हो गई हैं, क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआइ) ने घोषणा की है कि श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम 13 से 17 सितंबर तक दिल्ली में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 शृंखला खेलेगी।

बीसीसीआइ और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने बुधवार को एक संयुक्त बयान में शृंखला की घोषणा की। बांग्लादेश भी इसी दौरान भारत की मेजबानी करना चाहता था। भारत और बांग्लादेश के बीच यह द्विपक्षीय शृंखला पिछले साल खेली जानी थी लेकिन बांग्लादेश में राजनीतिक अशांति के कारण इसे स्थगित करना पड़ा था। भारत के खिलाफ होने वाले अफगानिस्तान के मैच उसके भविष्य के दौरा कार्यक्रम का हिस्सा हैं। ये अफगानिस्तान के घरेलू मैच होंगे क्योंकि उसके देश में अस्थिर राजनीतिक स्थिति के कारण उसने पिछले कुछ वर्षों से अपने मैच भारत में आयोजित किए हैं।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 43, अंक 268
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए रमेश चंदर मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोन: (0120) 2470700/2470740, ई-मेल: edit.jansatta@expressindia.com,
बोर्ड अध्यक्ष : विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादक: मुकेश भारद्वाज*, *पीआरपी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार।

नर्चर वेल इंडस्ट्रीज लिमिटेड

(पूर्व में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड)
CIN: L10719DL1995PLC277176
पंजीकृत कार्यालयः बी–14, प्रथम तल, दाहिनी ओर बी–भाग, चिराग एन्क्लेव, दिल्ली – 110048, भारत
फोनः 011–45511351, ईमेलः compliance@nurturewell.com
Script Code: 531889

30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का विवरण

(करोड़ रुपये में, ईपीएस को छोड़कर)

क्र. स.	विवरण	को समाप्त तिमाही के लिए			समाप्त वर्ष
		30.06.2026	31.03.2026	30.06.2025	31.03.2026
		अलेखापरीक्षित	लेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	लेखापरीक्षित
1	परिचालन से कुल आय	278.84	223.23	191.76	863.61
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर से पहले, असाधारण और / या असाधारण मदें)	201.73	156.72	166.06	659.83
3	कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (असाधारण और / या असाधारण मदों के बाद)	201.73	156.72	166.06	659.83
4	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (असाधारण और / या असाधारण मदों के बाद)	150.96	116.73	124.26	493.53
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय [इसमें शामिल हैं अवधि के लिए लाभ / (हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)]	–36.67	77.48	124.26	454.28
6	इक्विटी शेयर पूंजी	2,332.90	2,332.90	2,332.90	2,332.90
7	आरक्षित निधियाँ (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधियों को छोड़कर)	0.00	0.00	0.00	17,452.36
8	प्रति शेयर आय (प्रत्येक 10 रुपये) (निरंतर संचालन के लिए) (वार्षिकीकृत नहीं)				
	मूल (रुपये में)	–0.02	0.03	0.05	0.20
	तनुकृत (रुपये में)	–0.02	0.03	0.05	0.19

1 नर्चर वेल इंडस्ट्रीज लिमिटेड ("कंपनी") (पूर्व में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड) के 30 जून 2026 को समाप्त तिमाही के लिए ऊपर दिए गए अलेखापरीक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों ("परिणाम") की लेखा परीक्षा समिति ने समीक्षा की और सिफारिश की और 12 अगस्त 2026 को हुई अपनी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया। कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों ने सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के नियम 33 के अनुसार, संशोधित रूप में, इन वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा की है।

2 नर्चर वेल इंडस्ट्रीज लिमिटेड (पूर्व में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड) के 30 जून 2026 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम ('परिणाम') तैयार किए गए हैं। ये परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 133 के तहत बताए गए भारतीय लेखांकन मानकों (इंड एएस) और उससे जुड़े नियमों, तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (श्सेबीश) (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के रेगुलेशन 33 के अनुसार तैयार किए गए हैं।

3 30 जून 2026 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी के स्टैंडअलोन परिणामों का वैधानिक ऑडिटर द्वारा ऑडिट किया गया है, और उन्होंने इस पर एक बिना किसी बदलाव वाली ऑडिट रिपोर्ट जारी की है। वैधानिक ऑडिटरों की ऑडिट रिपोर्ट (बीएसई) के पास फाइल की जा रही है और यह कंपनी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

4 पिछली अवधि के आंकड़ों को, जहाँ भी आवश्यक था, वर्तमान अवधि के वर्गीकरण / प्रकटीकरण के अनुरूप बनाने के लिए पुनः समूहीकृत / पुनर्गठित / पुनर्वर्गीकृत किया गया है।

नर्चर वेल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए
हस्ता/–
सौरभ गोयल
(प्रबंध निदेशक)
डीआईएन : 01094455

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 12 अगस्त, 2026

नर्चर वेल इंडस्ट्रीज लिमिटेड

(पूर्व में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड)
CIN: L10719DL1995PLC277176
पंजीकृत कार्यालयः बी–14, प्रथम तल, दाहिनी ओर बी–भाग, चिराग एन्क्लेव, दिल्ली – 110048, भारत
फोनः 011–45511351, ईमेलः compliance@nurturewell.com
Script Code: 531889

30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का विवरण

(करोड़ रुपये में, ईपीएस को छोड़कर)

क्र. स.	विवरण	को समाप्त तिमाही के लिए			समाप्त वर्ष
		30.06.2026	31.03.2026	30.06.2025	31.03.2026
		अलेखापरीक्षित	लेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	लेखापरीक्षित
1	परिचालन से कुल आय	15,281.26	19,965.51	25,072.46	102,825.77
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर से पहले, असाधारण और / या असाधारण मदें)	1,499.18	–114.61	2,560.39	8,752.24
3	कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (असाधारण और / या असाधारण मदों के बाद)	1,499.18	–114.61	2,560.39	8,752.24
4	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (असाधारण और / या असाधारण मदों के बाद)	1,347.27	–117.37	2,476.25	8,453.58
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय [इसमें शामिल हैं अवधि के लिए लाभ / (हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)]	1,147.20	741.48	2,472.29	9,973.47
6	इक्विटी शेयर पूंजी	2,332.90	2,332.90	2,332.90	2,332.90
7	आरक्षित निधियाँ (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधियों को छोड़कर)	0.00	0.00	0.00	34,661.76
8	प्रति शेयर आय (प्रत्येक 10 रुपये) (निरंतर संचालन के लिए) (वार्षिकीकृत नहीं)				
	मूल (रुपये में)	0.37	0.25	0.84	3.40
	तनुकृत (रुपये में)	0.36	0.24	0.82	3.32

1 नर्चर वेल इंडस्ट्रीज लिमिटेड ("कंपनी") (पूर्व में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड) और उसकी सहायक कंपनियों के 30 जून 2026 को समाप्त तिमाही के लिए ऊपर दिए गए अलेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणामों ("परिणाम") की लेखा परीक्षा समिति ने समीक्षा की और सिफारिश की और 12 अगस्त 2026 को हुई अपनी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया। कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों ने सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के नियम 33 के अनुसार, संशोधित रूप में, इन वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा की है।

2 नर्चर वेल इंडस्ट्रीज लिमिटेड (पहले इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड) और उसकी सब्सिडियरी कंपनियों के 30 जून 2026 को समाप्त तिमाही के अलेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणाम, कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों (इंड एएस) के अनुसार तैयार किया गया है और इसके तहत संबंधित नियमों को पढ़ें।

3 इंड एएस 108 – "ऑपरेटिंग सेगमेंट्स"के अनुसार बिजनेस / भौगोलिक सेगमेंट की रिपोर्टिंग के संदर्भ में, कंपनी के ऑपरेशन्स में मुख्य रूप से दो बिजनेस सेगमेंट हैं – माल की ट्रेडिंग और खाद्य उत्पादों का निर्माण। 30 जून 2026 को समाप्त तिमाही के लिए ऑडिट की गई समेकित सेगमेंट जानकारी साथ में दी गई है।

4 भारत सरकार ने मौजूदा कई श्रम कानूनों को मिलाकर चार श्रम संहिताओं (Labour Codes) का एक एकीकृत ढांचा तैयार किया है, जिन्हें सामूहिक रूप से 'नई श्रम संहिताएं' (New Labour Codes) कहा जाता है और इन्हें 21 नवंबर 2025 से लागू करने की अधिसूचना जारी की है। नए लेबर कोड्स में अन्य बदलावों के साथ–साथ "वेतन" (Wages) की एक समान परिभाषा दी गई है, जिसे कर्मचारियों को मिलने वाले अलग–अलग लाभों की गणना में लागू किया जाएगा। उपलब्ध जानकारी के आधार पर, मैनेजमेंट ने आकलन किया है कि नए लेबर कोड्स को लागू करने से होने वाला अतिरिक्त असर ज्यादा नहीं है और इसे 30 जून 2026 को समाप्त तिमाही के वित्तीय नतीजों में शामिल कर लिया गया है। ग्रुप नए लेबर कोड्स को लागू करने से जुड़ी गतिविधियों पर नजर रख रहा है और अंतिम नियमों की अधिसूचना के आधार पर अनुमानों की समीक्षा करेगा।

5 30 जून 2026 को समाप्त तिमाही के लिए ऑडिट किए गए समेकित वित्तीय परिणामों में, एक सहायक कंपनी के ऑडिट किए गए परिणाम शामिल हैं। एक सहायक कंपनी के वित्तीय परिणामों को इंड एएस 108 – समेकित वित्तीय विवरणों के अनुसार समेकित किया गया है।

6 30 जून 2026 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी के समेकित परिणामों का वैधानिक ऑडिटर द्वारा ऑडिट किया गया है, और उन्होंने इस पर एक बिना किसी बदलाव वाली ऑडिट रिपोर्ट जारी की है। वैधानिक ऑडिटरों की ऑडिट रिपोर्ट (बीएसई) के पास फाइल की जा रही है और यह कंपनी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

7 पिछली अवधि के आंकड़ों को, जहाँ भी आवश्यक था, वर्तमान अवधि के वर्गीकरण / प्रकटीकरण के अनुरूप बनाने के लिए पुनः समूहीकृत / पुनर्गठित / पुनर्वर्गीकृत किया गया है।

नर्चर वेल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए
हस्ता/–
सौरभ गोयल
(प्रबंध निदेशक)
डीआईएन : 01094455

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 12 अगस्त, 2026

CP PLUS
Intelligent Security Systems

आदित्य इन्फोटेक लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः एफ–28, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज–1, नई दिल्ली–110020, दिल्ली, भारत
कॉर्पोरेट कार्यालयः ए–12, सेक्टर 4, नोएडा–201301, उत्तर प्रदेश, भारत
टेलीफोनः +91 120 4555 666, **कॉर्पोरेट पहचान संख्याः** L74899DL1995PLC066784, **वेबसाइटः** www.adityagroup.com

30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) का विवरण

कंपनी के निदेशक मंडल ने 12 अगस्त, 2026 को आयोजित अपनी बैठक में 30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के कंपनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) ("**वित्तीय परिणाम**") को स्वीकृति दे दी है।

सीमित समीक्षा रिपोर्ट के साथ अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम, कंपनी की वेबसाइट – www.adityagroup.com, और स्टॉक एक्सचेंज – बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइटों – क्रमशः www.bseindia.com और www.nseindia.com पर होस्ट किए गए हैं। क्यूआर कोड को स्कैन करके इसे एक्सेस किया जा सकता है।

नोटः उपरोक्त सूचना सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के साथ पठित विनियम 47(1) के अनुसार है।

बोर्ड के लिए और उनकी ओर से
आदित्य इन्फोटेक लिमिटेड
हस्ता./–
आदित्य खेमका
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 00514552

स्थानः नोएडा
दिनांकः 12 अगस्त, 2026

केनरा बैंक Canara Bank
सिंडिकेट Syndicate
क्षेत्रीय कार्यालय– अलीगढ़
ई–नीलामी सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋणी(यों)/जमानतकर्ता(ओं) को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो केनरा बैंक के पास गिरवी/प्रभारित है, का भौतिक/सांकेतिक कब्जा केनरा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है"** के आधार पर नियम 13(2) के अंतर्गत माँग सूचना वर्णित बकाया राशि एवं उस पर ब्याज, खर्चे एवं अन्य व्ययों की वसूली हेतु विक्रय की जाएगी। सम्पत्तियों का विवरण नीचे दिया गया है।

ऋणियों एवं गारंटर के नाम व पते	मांग नोटिस अनुसार बकाया राशि ₹	सम्पत्तियों का विवरण	कब्जे का प्रकार	आरक्षित मूल्य धरोहर राशि 10% ₹
शाखाः सासनी गेट, अलीगढ़, फोन : 8265900558, ई–मेलः cb3072@canarabank.com				
ऋणी– श्रीमती सुनीता पत्नी घनश्याम, सह–ऋणी– श्री करण कुमार पुत्र घनश्याम, दोनों का पता– आगरा रोड, साकेत विहार कॉलोनी अलीगढ़	12,57,144/– दि. 30.12.2025 को + ब्याज व अन्य खर्चे	आवासीय संपत्ति स्थित खसरा नं. 3743/1 का भाग, कस्बा कोल प्रथम, सराय हरनारायण आगरा रोड के पास, परगना एवं तहसील जिला–अलीगढ़, एरियाः 41.81 वर्ग मीटर, संपत्ति सुनीता पत्नी घनश्याम के नाम पर, चौहद्दीः पूर्व– रास्ता 12 फीट चौड़ा, पश्चिम– मकान रामवीर, उत्तर– मकान सत्यवती, दक्षिण– मकान सत्यवती	सांकेतिक	15,32,000/– 1,53,000/–
ऋणी– परवीन पत्नी मुस्तक, सह–ऋणी– मुस्तक पुत्र बाबुद्दीन, गारंटर– दानिश पुत्र मुस्तक, सभी का पता– मुल्लापाड़ा, भुजपुरा अलीगढ़	9,66,693.50 दि. 26.01.2026 को + ब्याज व अन्य खर्चे	साम्यिक बंधक आवासीय भूमि आबादी प्लॉट नंबर 103, मुल्लापारा, भुजपुरा, बिजलीघर के पीछे, भुजपुरा रोड, परगना एवं तहसील कोल, अलीगढ़, एरियाः 83.40 वर्ग मीटर या 99.75 वर्ग गज, संपत्ति श्रीमती परवीन बेगम पत्नी श्री मुस्तक के नाम पर, चौहद्दीः पूर्व– दानिश की संपत्ति, पश्चिमः 15 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तरः अकबरी का मकान, दक्षिणः कब्रिस्तान	सांकेतिक	20,11,000/– 2,01,000/–
ऋणी– 1. मैसर्स कृष्णा लॉक्स, प्रो. – डिंपल खंडेलवाल, 2. श्रीमती डिंपल खंडेलवाल पत्नी दीन दयाल खंडेलवाल, गारंटर – श्री दीन दयाल खंडेलवाल पुत्र गोवर्धन दास खंडेलवाल, सभी का पता 1– 19/571 ही, प्रीमियर नगर, महेंद्र नगर कॉलोनी, बृजधन गेस्ट हाउस के पास, आगरा रोड, अलीगढ़, सभी का पता 2– 19/574, महेंद्र नगर, महेंद्र नगर कॉलोनी, बृजधन गेस्ट हाउस के पास, आगरा रोड, अलीगढ़	9,38,378.39 दि. 31.01.2026 को + ब्याज व अन्य खर्चे	आवासीय संपत्ति स्थित खेत नं. 2126, 2127 का भाग, प्रीमियर नगर, महेंद्र नगर कॉलोनी, बृजधन गेस्ट हाउस के पास, आगरा रोड, अलीगढ़, एरियाः 292.60 वर्ग मीटर, संपत्ति श्री दीन दयाल खंडेलवाल पुत्र गोवर्धन दास खंडेलवाल के नाम, चौहद्दीः पूर्वः नरेश चंद्र वार्ष्णेय का मकान, पश्चिमः प्रेम स्वरूप खंडेलवाल, मदन लाल, नरेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार का मकान, उत्तरः प्रेम स्वरूप खंडेलवाल का मकान, दक्षिणः रास्ता 30 फीट चौड़ा	सांकेतिक	1,02,20,000/– 10,22,000/–
शाखाः सिकन्दरा राऊ, फोन : 7535907367, ई–मेलः cb0195@canarabank.com				
ऋणी/बंधककर्ता– श्रीमती मीरा देवी पत्नी श्री दुर्गापाल सिंह, सह–देनदार/सह–ऋणी– 1. श्री विकास यादव पुत्र दुर्गापाल सिंह, 2. श्री दुर्गापाल सिंह पुत्र श्री सत्य राम सिंह, सभी का पता– गांव– नगला शीशगढ़, सिकंदराराऊ (एनपीपी) शहर– हाथरस	13,00,110.46 दि. 17.03.2025 तक + ब्याज व अन्य खर्चे	1. संपत्ति स्थित मोहल्ला बुद्ध विहार कॉलोनी कुसवा, तहसील– सिकंदराराऊ, हाथरस, एरिया– 84.59 वर्ग मीटर, संपत्ति श्रीमती मीरा देवी पत्नी दुर्गापाल सिंह के नाम पर, चौहद्दीः पूर्वः रास्ता, पश्चिमः भूदेव प्रसाद का प्लॉट, उत्तरः पुत्तू लाल व अन्य की संपत्ति, दक्षिणः मुकेश की संपत्ति	सांकेतिक	15,00,000/– 1,50,000/–
		2. आवासीय संपत्ति स्थित खसरा नं. 938/1, सिकंदरा राव, हाथरस, एरियाः 86.56 वर्ग मीटर, संपत्ति श्रीमती मीरा देवी पत्नी दुर्गापाल सिंह के नाम पर, चौहद्दीः पूर्वः ऋषि कुमार का मकान, पश्चिमः ऋषि कुमार की संपत्ति, उत्तरः 10 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिणः दुर्गापाल की संपत्ति	सांकेतिक	34,00,000/– 3,40,000/–
केला नगर, अलीगढ़, शाखा, फोन : 9454000954, ई–मेलः cb2336@canarabank.com				
ऋणी– मैसर्स आर के कंस्ट्रक्शन प्रो. श्री रवि कुमार पुत्र पन्ना लाल, पता– 4/864, दोधपुर, सिविल लाइन्स, अलीगढ़, बंधककर्ता/गारंटर– श्रीमती निशात फिरदर्स पत्नी मुजाहिद फिरदर्स, दोनों का पता– 8 ए, रशीद मंज़िल, बरगद हाउस, दोधपुर, सिविल लाइंस, अलीगढ़	18,78,677.86 + ब्याज व अन्य खर्चे	दुकान नं. 14, ग्राउंड फ्लोर, निहाद अपार्टमेंट, महल छावनी, दोधपुर सिविल लाइंस, अलीगढ़, एरियाः 11.28 वर्ग मीटर, संपत्ति श्रीमती निशात फिरदर्स पत्नी मुजाहिद फिरदर्स के नाम, चौहद्दीः पूर्वः मुन्नी बेगम की दुकान, पश्चिमः विक्रेता की अन्य दुकान, उत्तरः विक्रेता की अन्य दुकान, दक्षिणः कॉमन पैसेज	सांकेतिक	16,10,000/– 1,61,000/–
चन्द्र गढ़ी, अलीगढ़, शाखा, फोन : 9719025966, ई–मेलः cb4284@canarabank.com				
ऋणी– श्री फजलुद्दीन पुत्र अलीशेर, सह–ऋणी/बंधककर्ता– श्रीमती नगीना पत्नी फजलुद्दीन, दोनों का पता– मकान नंबर 3, बिस्किट वाली गली, नाई का नगला हाथरस	7,12,636.86 दि. 29.11.2023 तक + ब्याज व अन्य खर्चे	आवासीय संपत्ति खसरा संख्याः 45, 46, 47/1 एवं 48 के आबादी भाग में स्थित ग्राम नगला जोधा (नगला नाई), हाथरस, एरियाः 83.61 वर्ग मीटर, संपत्ति श्रीमती नगीना पत्नी फजलुद्दीन के नाम, चौहद्दीः उत्तरः अन्य का प्लॉट (बिस्किट वाला), दक्षिणः खलील का मकान, पूर्वः अब्दुल सत्तार का मकान, पश्चिमः रास्ता 12 फीट चौड़ा	सांकेतिक	14,20,000/– 1,42,000/–

ई–ऑक्शन का दिनांक व समय : 31.08.2026 सुबह: 11.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट की अवधि के विस्तार के साथ नीलामी की समाप्ति तक)

ईएमडी राशि मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (Baanknet) पोर्टल के ई–वॉलेट में सीधे जमा की जानी है या चालान बनाकर आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी को चालान में उल्लिखित खाता विवरण में दिनांक 29.08.2026 से पहले जमा करना है।

नोटः 1. बिड/बाद की राशि पर कोई भी ब्याज का दावा नहीं किया जायेगा। 2. प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर बोली रद्द करने का हकदार है। 3. परिवहन, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि के सभी शुल्क, जो लागू हों, केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किए जाएंगे।

बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों तथा ई–नीलामी में भाग लेने के लिए, कृपया वेबसाइट https://baanknet.com/ या केनरा बैंक की वेबसाइट देखें या वसूली अनुभाग क्षेत्रीय कार्यालय, अलीगढ़ केनरा बैंक (मोबाइल 8265900558 ई–मेल आईडी recroaligarh@canarabank.com) या सेवा प्रदाता मेसर्स पीएसबी अलायंस लिमिटेड (Baanknet) संपर्क विवरण से संपर्क करें अ) करण मोदी (7016716557, karan@procure247.com) ब) वासु पटेल (9510974587, vasu.patel@procure247.com)

स्थान : अलीगढ़ दिनांक : 13–08–2026 प्राधिकृत अधिकारी